www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, शनिवार,14 मार्च 2026

## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- दीवार से लड़ाया था मासूम का सिर टॉर्चर किया II
- नमाज के बाद अमरीका- इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन III
- जलवायु परिवर्तन बदल देगा फसल चक्र IV


## सुविचार



इस जीवन का प्रथम लक्ष्य है दूसरों की सहायता करना। और यदि आप दूसरों की सहायता नहीं कर सकते तो कम से कम उन्हें आहत तो न करें। -दलाई लामा



### रमजान का 24वां दिन

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 4:56 | सुन्नी : 6:18 |
| शिया : 4:46 | शिया : 6:26 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

### शहर में आज



- लखनऊ विश्वविद्यालय में भूविज्ञान विभाग की ओर से जलवायु परिवर्तन और इसके प्रभावों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी – 11:00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# केजीएमयू का अन्नपूर्णा केंद्र बंद, मेस के चूल्हों पर भी संकट

## 20 हॉस्टलों में रहने वाले 10 हजार छात्रों को नहीं मिल रहा सुबह का नाश्ता, इंडक्शन व अंगीठी पर जैसे-तैसे पकाया जा रहा भोजन







केजीएमयू में धनवंतरि अन्नपूर्णा केंद्र के काउंटर के पास भोजन के इंतजार में बैठे मरीज और तीमारदार।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सरदार पटेल हॉस्टल के प्रोवोस्ट ने चीफ प्रॉक्टर को लिखा पत्र
- कहा, जल्द गैस सिलेंडर न मिली तो गंभीर हो जाएगी स्थिति
- छात्र-छात्राओं ने भी प्रशासन से सिलेंडर दिलाने की मांग की

**अमृत विचार:** कामर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति ठप होने से केजीएमयू में संचालित धनवंतरि अन्नपूर्णा केंद्र बंद हो गया है, जबकि हॉस्टल में रहने वाले 10 हजार मेडिकल छात्र-छात्राओं को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पा रहा है। सुबह का नाश्ता तो बंद ही हो गया है। मेस इंडक्शन और अंगीठी से जैसे तैसे काम चलाऊ भोजन तैयार हो पा रहा है।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के करीब 20 हॉस्टल में लगभग 10 हजार मेडिकल छात्र-छात्राएं रहते हैं। ज्यादातर हॉस्टलों में एक से दो मेस संचालित होती हैं। इन सभी में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग होता है। इस समय कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति ठप है। इससे मेस का संचालन गड़बड़ा गया है। शुक्रवार को भी करीब 10 हजार छात्र-छात्राओं को सीमित संसाधनों के बीच किसी तरह भोजन उपलब्ध कराया गया। कई हॉस्टलों में सुबह का नाश्ता तक नहीं बन पाया। कुछ मेस में इंडक्शन चूल्हे और अंगीठी की मदद से सीमित मात्रा में भोजन बनाया गया। कई मेस में दोपहर और रात के खाने की ही व्यवस्था हो सकी। छात्रों का कहना है कि सुबह नाश्ता नहीं मिलने से उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। सरदार पटेल हॉस्टल के प्रोवोस्ट ने संस्थान के चीफ प्रॉक्टर को पत्र लिखकर बताया कि गैस की कमी के कारण मेस में नियमित भोजन बनाना संभव नहीं हो पा रहा है। यदि जल्द गैस आपूर्ति सुचारु नहीं हुई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। छात्रों ने भी प्रशासन से जल्द गैस आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है।

केजीएमयू में संचालित धनवंतरि अन्नपूर्णा केंद्र भी दो दिन से बंद है। यहां रोजाना करीब 250 से 300 मरीजों व तीमारदारों को दाल-चावल और छोला-चावल वितरण किया जाता था। समिति के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति बंद होने के कारण फिलहाल सेवा को फिलहाल रोकना पड़ा है। गैस उपलब्ध होते ही भोजन वितरण की सेवा शुरू कर दी जाएगी। लोहिया संस्थान में प्रसादम सेवा चलाने वाले विशाल सिंह ने बताया कि किसी तरह व्यवस्था करके लोगों को भोजन दिया जा रहा है, किंतु यदि जल्द ही सिलेंडर नहीं मिले तो सेवा बंद करनी पड़ेगी।

### कालाबाजारी

## 2500 में सिलेंडर

व्यवसायिक क्षेत्रों से जुड़े लोग ज्यादा परेशान हैं। ब्लैक में सिलेंडर 2500 रुपये तक में बिक रहा है। सिलेंडर न मिलने के कारण ज्यादातर होटल, ढाबे, ठेले, रेस्टोरेंट, मेस, कैंटीन बंद होते जा रहे हैं। कुछ बड़े प्रतिष्ठान ब्लैक में चोरी-छिपे घरेलू सिलेंडर महंगे दामों पर खरीद कर इस्तेमाल कर रहे हैं या फिर भट्ठियां जलाने लगे हैं। बढ़े रेट का पैसा खानपान के दाम बढ़ाकर ग्राहकों से वसूला जा रहा है। कालाबाजारी का असर होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट संचालकों पर तो ग्राहकों की जेब पर पड़ रहा है। कारोबारियों का कहना है कि हमारी भी मजबूरी है, करें तो क्या करें।

### नहीं लगता टोल-फ्री, ऑनलाइन बुकिंग में सर्वर बता रहा इरर

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में रसोई गैस की उपलब्धता का प्रशासन का दावा धरातल पर नहीं दिख रहे हैं। अधिकारी केवल ऑनलाइन रिपोर्ट, निरीक्षण और छापेमारीतक सीमित हैं। वह आम उपभोक्ताओं और व्यापारियों की परेशानी नहीं समझ रहे हैं। मूल समस्या कहां है और इसे कैसे दूर किया जाए, इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हालत ये है कि गैस कंपनियों के बुकिंग विकल्प काम ही नहीं कर रहे हैं। उपभोक्ता मोबाइल व ऑनलाइन गैस बुक नहीं कर पा रहे हैं। कंपनियों के टोलफ्री नंबर तक नहीं लग रहे हैं। घंटों बाद नंबर लगता भी है तो फोन कट जाता है। वेबसाइट पर बुकिंग करने पर लोड होने से सर्वर एरर बताता है। उपभोक्ता एजेंसियों पर पास बुक लेकर जाते हैं तो पर्याप्त स्टॉक न होने का हवाला देकर उनको लौटाया दिया जाता है। पहले से बुक सिलेंडर भी नहीं मिल रहे हैं। रोजमर्रा का भोजन पकाने के अलावा ईद और नवरात्र करीब होने से उपभोक्ता ज्यादा परेशान हैं।

### उपभोक्ता बोले

"तीन दिन से गैस बुक नहीं हो रही है। टोलफ्री नंबर नहीं लगता है, जब लगता है तो कट जाता है। ऑनलाइन करने पर सर्वर एरर बताता है।"
– **संजीव कुमार**, ठाकुरगंज

"घर पर गैस नहीं है। तीन दिन से टोलफ्री नंबर अमान्य बता रहा है। सर्वर खराबी से ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो रही है। एजेंसी पर जाते हैं तो पर्याप्त स्टॉक नहीं है। कर्मचारी आश्वासन देकर लौटा देते हैं।"
– **विनीता शर्मा**, अलीगंज

"गैस न होने की वजह से दो दिन से खाना बनाना मुश्किल हो रहा है। बुकिंग करने पर टोलफ्री नंबर कभी नॉट रीचेबल तो कभी अमान्य बताता है। एजेंसी जाने पर कर्मचारी मोबाइल से ही बुकिंग करने को कहते हैं।"
– **रितिक**, अलीगंज

### नियमित चलने वाले भंडारों पर भी पड़ने लगा असर

कामर्शियल गैस सिलेंडर की कमी का असर मंदिरों में लगने वाले भंडारों पर भी पड़ा है। गोमती तट स्थित लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में प्रतिदिन चलने वाली भंडारा सेवा भी पिछले दो दिनों से बंद है। समिति के ऋद्धि गौढ़ ने बताया कि यहां रोजाना करीब 150 से 200 लोगों को दाल-चावल, छोला-चावल और पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया जाता था। गैस सिलेंडर नहीं मिलने से फिलहाल यह सेवा ठप हो गई है।लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही गैस सिलेंडर की आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो कम्युनिटी किचन और भंडारा सेवाओं पर संकट और गहरा सकता है, जिससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ेगी।

### छोटे कारोबारी की आमदनी से ज्यादा महंगी गैस

बाजार में व्यावसायिक सिलिंडर उपलब्ध नहीं है। खानपान बनाने वाले छोटे कारोबारियों के लिए ब्लैक में सिलेंडर खरीदना उनके बजट में नहीं है। रोज की आमदनी से ज्यादा सिलेंडर महंगा है। लकड़ी व कोयले की भट्ठियां भी रोज कमाने खाने वालों की आमदनी से महंगी पड़ रहीं हैं। इसलिए मेस व ठेले बंद करके घरों पर बैठक कर हालात सुधरने का इंतजार कर रहे हैं। बाहर से आए नौकरी-पेशा वाले व पढ़ने छात्र-छात्राएं भी परेशान हैं। न इन्हें खाना बनाने के लिए गैस मिल रही है न ही बाहर खाना मिल रहा है।



शहर के शिवाजीपुरम में रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन में खड़े लोग। अमृत विचार

### सिटी ब्रीफ

#### आज और कल खुलेंगे कार्यालय, जमा कर सकते हैं गृहकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में गृहकर जमा करने के लिए शनिवार और रविवार को अवकाश के दिन नगर निगम के सभी जोनल कार्यालय व टैक्स काउंटर सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक खुले रहेंगे। कर निर्धारण, फीडिंग, संशोधन, आपत्तियों का निस्तारण व कर जमा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी वार्डों में कैंप लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इससे लोगों को अपने क्षेत्र में कर निर्धारण एवं कर भुगतान की सुविधा मिल सके।

#### शक्ति भवन में पेंशन अदालत आज

**अमृत विचार,लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन में शनिवार को त्रैमासिक पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे अल्पाहार कक्ष (कैंटीन) में होने वाली पेंशन अदालत में पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा। निदेशक कार्मिक, प्रशासन एवं प्रबंधन डॉ. जॉन मथाई ने पेंशनरों से अपील की है कि यदि उनकी कोई भी पेंशन संबंधी समस्या है तो वे इस अदालत में आकर अपनी समस्या प्रस्तुत करें, ताकि उसका समाधान सरल और त्वरित तरीके से किया जा सके।

#### संविदा कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार

**अमृत विचार,लखनऊ :** पूरनपुर उपकेंद्र में संविदा श्रमिक पद पर तैनात दीपक कुमार को हटाए जाने के विरोध में शुक्रवार को संविदा कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि हटाए गए कर्मी को दोबारा बहाल नहीं किया गया तो आंदोलन जारी रखेंगे। कर्मचारियों का आरोप है कि दीपक कुमार को बिना किसी आरोप और कारण के सेवा से हटा दिया गया है। उनका कहना है कि निगम की ओर से उनका फेस आईडी मास्टर लॉक कर दिया गया, जिसके चलते वे ड्यूटी पर उपस्थिति दर्ज नहीं कर पा रहे हैं। इस मामले को लेकर नाराज संविदा कर्मचारियों ने अवर अभियंता, पूरनपुर को पत्र सौंपा कर तत्काल बहाल करने की मांग की।

#### पॉलीथिन पर जुर्माना जब्त किया सामान

**अमृत विचार,लखनऊ :** शहर में बढ़ते अतिक्रमण और जाम को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ने शुक्रवार को अभियान चलाकर कार्रवाई की। सड़कों व फुटपाथों से अतिक्रमण हटाते हुए सामान जब्त किया और दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। जोन-5 में जोनल अधिकारी विनीत कुमार सिंह के नेतृत्व में चारबाग के केसी से नत्था चौराहे तक अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान सड़क और फुटपाथों से ठेले, गुमटी और काउंटर हटाए। लकड़ी व लोहे की बेंच और ठेला जब्त किया गया। गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने पर 1000 रुपये का शमन शुल्क वसूला। जोन-7 जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में शालीमार चौराहे से सेक्टर-22 चौराहे तक नाली, नालों और सड़कों की दोनों पट्टियों पर अतिक्रमण हटाया गया।

# 15 लाख लोगों को मिला सीधा रास्ता और जाम से निजात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ग्रीन कॉरिडोर के लोकार्पण के बाद रक्षामंत्री, मुख्यमंत्री ने सफर भी किया
- निर्माण कार्य करने वाले श्रमिकों पर बरसाए फूल और दिए उपहार
- जनसभा के बाद निशातगंज के पास लग गया लंबा जाम

**अमृत विचार :** ग्रीन कॉरिडोर फेज-2 का शुक्रवार शाम लोकार्पण होने के साथ ही वाहनों का आवागमन शुरू हो गया। एलडीए अधिकारियों का दावा है कि सिक्स लेन रोड पर आईआईएम रोड से समता मूलक चौक तक की दूरी 10 मिनट में पूरी की गई। 1,519 करोड़ से तैयार इस कॉरिडोर पर रोजाना लगभग 15 लाख लोग आवागमन करेंगे और इन्हें जाम से निजात मिलेगी। फेज-3 और फेज-4 क नींव भी रखी गई, इसका निर्माण होने से पिपराघाट से सीधे किसान पथ तक वाहन पहुंचेंगे।

समता मूलक चौक, निशातगंज, डालीगंज में प्रवेश द्वार बनाए गए। कॉरिडोर को फूल मालाओं और गमले रखकर सजाया गया था। समता मूलक चौक पर कॉरिडोर का फीता काटने के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल काफिला के साथ फेज-2 के नए रूट निशातगंज होते हुए डालीगंज पहुंचे। वहां पर ग्रीन कॉरिडोर तैयार करने वाले श्रमिकों को सम्मानित किया। रक्षामंत्री और मुख्यंत्री ने निर्माण श्रमिकों पर फूल बरसाए और उन्हें सामग्री भेंट की। इसके बाद झूलेलाल वाटिका में जनसभा को संबोधित किया। जनसभा के बाद निशातगंज के पास लंबा जाम लग गया, जिससे लोग परेशान हुए। पुलिस कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद यातायात सामान्य कराया।



ग्रीन कॉरिडोर फेज-2 का निर्माण कार्य करने वाले श्रमिकों पर फूल बरसाते राजनाथ सिंह, योगी आदत्यनाथ और ब्रजेश पाठक।

### होटल ताज होते हुए शहीद पथ पहुंचने लगे लोग

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि आईआईएम रोड से किसान पथ तक ग्रीन कॉरिडोर की योजना है। पहले चरण में आईआईएम रोड से पक्का पुल तक 6.8 किमी पुल बनाकर 11 मार्च 2024 को लोकार्पण किया गया था। दूसरे चरण में डालीगंज से निशातगंज होते हुए समतामूलक चौक तक 7 किमी पुल तैयार किया है। समता मूलक से वाहन एलडीए कार्यालय और होटल ताज होते हुए सीधे शहीद पथ पहुंचने लगे हैं। इस 7 किमी पुल के संचालित होने से हजरतगंज, डालीगंज और निशातगंज जैसे घनी आबादी वाले और व्यस्ततम क्षेत्रों में भीषण जाम से राहत मिलेगी। दूसरे चरण के एलाइनमेंट में आने वाले 166 पेड़ों को काटने के बजाय दूसरी जगह प्रत्यारोपण करके यह रूट तैयार किया है।

### ग्रीन कॉरिडोर

- फेज 1 – 299 करोड़ से आईआईएम रोड से पक्का पुल तक 6.8 किमी निर्माण
- फेज 2 – 1220 करोड़ से डालीगंज, निशातगंज होते हुए समता मूलक चौक तक 7 किमी निर्माण
- फेज 3 – पिपराघाट से शहीदपथ तक निर्माण प्रगति पर
- फेज 4 – शहीदपथ से किसान पथ तक निर्माण की तैयारी

### ये सुविधाएं भी मिलेंगी

- कुकरैल नदी के पास 18 एकड़ क्षेत्रफल में उर्मिला वन
- उर्मिला वन व रिवर फ्रंट पर सुगम आवागमन के लिए स्लिप रोड बनेगी
- निशातगंज से हनुमान सेतु के मध्य खाटू श्याम मंदिर के पास पार्किंग व वेंडिंग जोन

### कॉरिडोर में ये हुआ निर्माण

- 4 लेन ब्रिज, बंधा निर्माण व चौड़ीकरण, सड़क निर्माण, गऊघाट ब्रिज, फ्लाईओवर, हनुमान सेतु ब्रिज, निशातगंज ब्रिज, रोटरी, निशातगंज से कुकरैल तक नदी तक बंधा, कुकरैल ब्रिज।

### ग्रीन कॉरिडोर के नीचे बनेंगे तीन स्पोर्ट एरीना

ग्रीन कॉरिडोर में डालीगंज पुल, हनुमान सेतु व निशातगंज पुल के नीचे तीन स्पोर्ट एरीना बनेंगे। इनमें , बैडमिंटन, बास्केटबॉल, टेनिस, पिकेल बॉल व बॉक्स क्रिकेट की सुविधा मिलेगी। किड्स प्ले-एरिया व ओपन जिम भी होगा। नीचे खाली स्थान पर मनोरंजन व जरूरत की सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

### ज्ञान का मेला

रवीन्द्रालय के लॉन में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने किया 10 दिवसीय पुस्तक मेले का उद्घाटन

# पुस्तकें मित्र, मार्गदर्शक और गुरु की तरह होती हैं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रवीन्द्रालय के लॉन में शुक्रवार को 10 दिवसीय लखनऊ पुस्तक मेला शुरू हो गया। उद्घाटन के बाद उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि पुस्तकें मित्र, मार्गदर्शक और गुरु की तरह होती हैं। मैकाले की शिक्षा पद्धति की आलोचना करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति का ज्ञान जरूरी है। इस मेले में ज्ञान विज्ञान का संचय है और एक ही जगह हर विषय की किताबें हैं। मेले में सभी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को आना चाहिए। मेला 22 मार्च तक सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा।

संरक्षक मुरलीधर आहूजा ने कहा कि हर घर में किताबों का संग्रह होना चाहिए। संरक्षक टीपी हवेलिया ने कहा पुस्तकें विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं। नवीन शुक्ल के संचालन में हुए उद्घाटन समारोह में संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने आभार व्यक्त किया। मेला निदेशक आकर्ष चंदेल व यूपी त्रिपाठी ने भी विचार व्यक्त किए।

मेले में नई टेक्नालॉजी से छपी पुस्तकों के साथ मेले में डिजिटल टेक्नालॉजी से जुड़े प्रकाशन उत्पाद हैं। साथ ही स्टेशनरी, शिक्षकों, स्कूलों के लिए उपयोगी सामग्री के स्टाल हैं। मेले के लगभग 60 स्टालों में में बहुत से नये भागीदार शामिल हैं। प्रमुख भागीदारों में नेशनल बुक ट्रस्ट, हिन्द युग्म, शुभी पब्लिकेशंस गुरुग्राम, उपकार प्रकाशन, निखिल पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स आगरा, भारतीय कला प्रकाशन, रितेश बुक, अदित्रि बुक सेंटर, बेस्ट बुक्स, त्रिदेव बुक्स, आर्यन बुक, उर्दू के विलायत पब्लिकेशंस नई दिल्ली, ग्रीन पाम दिल्ली, लखनऊ के दिव्यांश पब्लिकेशंस, बोधरस प्रकाशन, रामकृष्ण मठ, बीइंग बुकिश, देवेंद्र बुक्स, नमन प्रकाशन और उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान आदि शामिल हैं। वंदे मातरम् के 150 वर्ष होने के उपलक्ष्य में युवा कलाकार 15 फीट के कैनवस पर चित्र बनाएंगे। नयी पीढ़ी में पुस्तकों के प्रति लगाव पैदा करने के मकसद से मेले में स्कूल-कालेजों के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। यहां उनके विभिन्न कार्यक्रमों के संग प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होगा।





रवीन्द्रालय के लॉन लगाए गए पुस्तक मेले में पुस्तकें देखती महिला, युवती और अन्य लोग। अमृत विचार

# कानपुर पुल पर मेगा ब्लॉक से बढ़ी दैनिक यात्रियों की परेशानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 42 दिनों तक किया जाएगा पुल पर मरम्मत का कार्य
- 56 ट्रेनों का संचालन डेढ़ महीने रहेगा प्रभावित
- 14 ट्रेनें की गईं निरस्त और 10 का संचालन कानपुर से

**अमृत विचार:** कानपुर में गंगा पर बने रेलवे पुल की मरम्मत के चलते उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने 42 दिनों का मेगा ट्रैफिक और पावर ब्लॉक घोषित किया है।

13 अप्रैल सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक ब्लॉक होने से 56 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी के अनुसार 14 ट्रेनें निरस्त रहेंगी जबकि 10 का संचालन कानपुर से ही किया जा रहा है। इससे लखनऊ से कानपुर के बीच आने जाने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। आशियाना निवासी मुकुंद श्रीवास्तव ने बताया कि मेमू ट्रेनें बंद होने से रोजाना अप-डाउन करने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पहले जहां 30 रुपये में यात्रा हो जाती थी, वहीं अब 100 से 150 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। राजाजीपुरम निवासी कंचन रावत ने बताया कि ट्रेन से यात्रा करने पर जाम से बचते हुए समय पर कार्यालय पहुंचना संभव था, लेकिन अब ट्रेनों के निरस्त होने से उन्हें अधिक समय लग रहा है और अक्सर देर भी हो जाती है।

## सिटी ब्रीफ

### जेब से उड़ाया शोध छात्र का मोबाइल

**अमृत विचार, लखनऊ :** अवध बस डिपो पर शोध छात्र का मोबाइल पार कर जालसाज ने खाते से करीब 1.10 लाख रुपये निकाल लिए। मैसेज देख पीड़ित ने विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मूल रूप से अयोध्या निवासी आदर्श कुमार सिंह लविवि से विधि में शोध कर रहा है। वर्तमान में वह इंदिरानगर सी-ब्लॉक में किराए पर रह रहा है। उन्होंने बताया कि होली पर घर जाने के लिए 3 मार्च को वे अवध बस डिपो से आजमगढ़ जाने वाली बस पर अपना सामान रख रहे थे। इसी दौरान किसी ने जेब से मोबाइल चोरी कर लिया। पीड़ित ने चौकी पर शिकायत की तो पुलिसकर्मियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद पीड़ित दूसरी बस पर बैठकर घर चला गया। 5 मार्च को पीड़ित ने सिम ब्लॉक कराकर नया सिम लिया। मैसेज आने पर पीड़ित को पता चला कि केनरा व एचडीएफसी बैंक खाते से कई बार में 1,09,800 रुपये निकले हैं। वापस लौटने के बाद पीड़ित आदर्श कुमार सिंह ने विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### बुजुर्ग का 1.20 लाख से भरा बैग लूटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा के शिवपुरी कॉलोनी में दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने पेंशन निकालकर लौट रहे बुजुर्ग का 1.20 लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया। जानकारी मिलते ही परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

मिश्रपुर स्थित शिवपुरी कॉलोनी निवासी राम मूरत यादव ने बताया कि बुजुर्ग पिता राम सागर यादव का पेंशन खाता एसबीआई बैंक भूतनाथ मार्केट में है। 11 मार्च को राम सागर यादव पेंशन के रुपये निकालकर घर लौट रहे थे। घर के पास एक परचून दुकान पर मोपेड रोकी। गाड़ी खाड़ी कर वह सामान खरीदने लगे। इसी दौरान पीछे से आए मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने गाड़ी पर रखा बैग लूटकर भागने लगे।

पीड़ित ने मदद के लिए शोर मचाया, लेकिन जब तक लोग कुछ समझ पाते बदमाश फर्राटा भरते हुए भाग निकले। राहगीरों ने घटना की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही गुडंबा पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित ने बताया कि बैग में 1.20 लाख रुपये व कुछ जरूरी कागजात थे। पुलिस ने बेटे राम मूरत यादव की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ई-रिक्शा चोरी करने वाले पांच गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** ई-रिक्शा और उसकी बैटरी चोरी करने वाले पांच बदमाशों को मड़ियांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि 11 मार्च को कैंपवेल रोड स्थित समनान गार्डेन निवासी आसिफ शकील ने अपना ई-रिक्शा चोरी होने की रिपोर्ट मड़ियांव थाने में दर्ज कराई थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि यासीन बाग क्षेत्र में एक रिक्शे पर बैठकर कुछ लोग बैटरियां रखकर बेचने का प्रयास कर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर पांचों आरोपियों को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सलमान निवासी लाल कॉलोनी बालागंज, फैज आलम निवासी बालागंज, आरिफ निवासी बासमंडी नई बस्ती वजीरगंज, अमान निवासी विशाल सिटी दुबग्गा और तालिब निवासी बालागंज ठाकुरगंज बताया। इंस्पेक्टर ने बताया कि पांच आरोपी ई-रिक्शा चलाने की आड़ में चोरी करते हैं।

### निवेश के नाम पर ठगने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** कारोबार में निवेश के नाम पर दो लोगों के करीब डेढ़ करोड़ रुपये हड़पने वाले जालसाज को सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी स्वयं सिंह सुशांत गोल्फ सिटी के गंगा अपार्टमेंट आई-ब्लॉक स्थित फ्लैट नंबर- 707 में रहता है। आरोपी व्यान बिजनेश साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सहनिदेशक है। पुलिस आरोपी की पत्नी व पिता की तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि 9 मई 2025 को गोमतीनगर विस्तार सेक्टर-7 निवासी शिव वर्मा और महेश ने 1.46 करोड़ रुपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया था कि आरोपी एसएन सिंह, उनके बेटे स्वयं सिंह और बहू स्वाती ने व्यवसाय में निवेश के नाम पर रुपये लिए थे। आरोपियों ने स्वाती को शेयर खान कंपनी का एजेंट बताया था। मुनाफा न मिलने पर पीड़ितों ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने धमकाया था। जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज की गयी।

# दरोगा भर्ती परीक्षा: 15 हजार में फुल व आठ हजार में हाफ पेपर का झांसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **जालसाज ने तीन और चैनल बनाकर पेपर देने की कही बात, दिया यूपीआई**
- **भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के निरीक्षक ने हुसैनगंज कोतवाली में दर्ज कराईं तीन रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों की सीधी भर्ती 2025 की होने वाली लिखित परीक्षा से पहले सॉल्वर गिरोह सक्रिय है। सोशल मीडिया टेलीग्राम पर तीन चैनल बनाकर पेपर लीक का झांसा देकर अभ्यर्थियों से ठगी का प्रयास किया। यही नहीं मैसेज में 15 हजार में फुल और आठ हजार में हाफ पेपर देने का झांसा देकर यूपीआई भी साझा किया। सोशल मीडिया पर नजर रखे उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के सोशल मीडिया सेल निरीक्षक ने शुक्रवार को हुसैनगंज कोतवाली में तीन एफआईआर दर्ज करायी है।

निरीक्षक सतेंद्र कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 14 व 15 मार्च को दरोगा भर्ती की परीक्षा होनी है। भर्ती बोर्ड का सोशल मीडिया सेल 24 घंटे व्हाट्सएप्प, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और टेलीग्राम पर नजर रखे हुए है। निगरानी के दौरान 13 मार्च को टेलीग्राम पर चैनल UP SI EXAM PAPER LEAAK संचालित मिला। उक्त चैनल पर अभ्यर्थियों को दरोगा भर्ती परीक्षा 2025 का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का झांसा देकर 25 हजार की मांग की गयी। मैसेज में एक यूपीआई भी शेयर किया गया।

इसी तरह टेलीग्राम चैनल CBSE WALLAH पर भी सॉल्वर गैंग ने पेपर मुहैया कराने का झांसा दिया। उक्त चैनल पर परीक्षार्थियों को 15 हजार में फुल और आठ हजार में हाफ पेपर देने की बात कही गयी। वायरल मैसेज में दो यूपीआई भी दिया गया है। निरीक्षक का कहना है कि शुचिता को प्रभावित करने और अभ्यर्थियों से ठगी का प्रयास है।

इसी तरह टेलीग्राम चैनल UPSI EXAM 2026 (ADMIN @ PANKAJ_SIR00) से भी पेपर देने का झांसा दिया गया। मैसेज में 12 हजार में पेपर देने की बात कहते हुए एक यूपीआई भी दिया गया। जालसाज ने छह हजार पेपर से पहले और छह हजार पेपर के बाद देने की बात कही। एसओ हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### साइबर सेल की मदद से शुरु हुई जांच

- डीसीपी मध्य विक्रांत वीर ने बताया कि 12 मार्च को टेलीग्राम पर तीन चैनल UP SI UP POLICE-2026, RESULT PANEL PVT TM और UP SI EXAM PAPER UP SI-2026 के धारक पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पूरे मामले की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। नोडल अधिकारी एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल को बनाया है। कमेटी में एसओ हुसैनगंज शिवमंगल सिंह, चौकी प्रभारी सुरेंद्र, कांस्टेबल संदीप और एक साइबर विशेषज्ञ को रखा गया है। पुलिस साइबर सेल की मदद से पड़ताल कर रही है।

### नहर में कूदे एसडीएम के भाई का सुराग नहीं

**अमृत विचार , लखनऊ:** बीबीडी इलाके में बाइक पर सुसाइड नोट छोड़कर इंदिरा नहर में छलांग लगाने वाले अखिलेश कुमार का 24 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है। एसडीआरएफ व स्थानीय गोताखोर लगातार नहर में खोजबीन कर हैं। अखिलेश के भाई पंकज कुमार मिश्र अमेठी जनपद में एसडीएम हैं। इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह ने बताया कि अखिलेश कुमार मूल रूप से कप्तानगंज बस्ती के रहने वाले हैं। वे यहां मटियारी में हॉस्टल चला रहे थे।

# दीवार से लड़ाया था मासूम का सिर टॉर्चर किया, डंडे व थप्पड़ से पीटा

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर से पैर तक मिली 22 चोटें, सिर की हड्डी भी टूटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **पोस्टमार्टम हाउस में पिता और ननिहाल पक्ष में मारपीट**
- **नानी की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज**
- **चौक पुलिस ने आरोपी पिता व सौतेली मां को हिरासत में लिया**



अर्नव (फाइल फोटो)

**अमृत विचार:** चौक के लाजपतनगर में गुरुवार को अर्नव (04) की मौत संदिग्ध नहीं थी। बल्कि उसके पिता और सौतेली मां ने उसे मौत के घाट उतारा था। आरोपी दंपति कई महीनों से मासूम को टॉर्चर कर रहे थे। आरोपियों ने मासूम का सिर दीवार से लड़ाया था। पैर बांधकर उसे डंडे व थप्पड़ से इस कदर पीटा कि शरीर नीला पड़ गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर से लेकर पैर तक 21 चोटें मिली हैं। सिर की हड्डी टूटने से उसकी मौत हुई है। अर्नव की मौत से आक्रोशित उसके मामा ने पोस्टमार्टम हाउस में पिता से सवाल-जवाब किए तो दोनों पक्षों में भिड़ंत हो गई। उनके बीच हाथापाई हुई। पुलिस ने उन्हें अलग कराया। चौक पुलिस ने नानी की तहरीर पर भीष्म और सौतेली मां के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

लाजपत नगर निवासी भीष्म खरबंदा ने मेट्रोमोनियल वेबसाइट के जरिए उन्नाव शुक्लागंज अंबिकापुरम निवासी स्वाती से 30 नवंबर 2020 को शादी की थी। 16 अक्टूबर 2021 को स्वाती ने अर्नव को जन्म दिया था। स्वाती बेटे के जन्म के बाद से बहुत खुश थी। छह माह बाद स्वाती की मौत हो गई। परवरिश के लिए नानी सुधा कश्यप अपने साथ अर्नव को शुक्लागंज ले गई थी। करीब साढ़े तीन वर्ष तक उन्होंने अर्नव का पालन पोषण किया। इस बीच भीष्म ने राजस्थान की रहने वाली रागिनी से शादी कर ली। कोर्ट के आदेश भीष्म को अगस्त 2025 में बेटे अर्नव की कस्टडी मिली तो वह उसे घर ले आया था।

गुरुवार को भीष्म ने साले रोहित को कॉल कर सूचना दी कि उल्टी और दस्त होने पर अर्नव की बाथरूम में गिरकर मौत हो गई है। सूचना पर नानी सुधा, मामा रोहित और मौसी काजल चौक पहुंचे। बच्चे के शरीर पर चोट के निशान देखकर मामा रोहित ने पुलिस को सूचना दी। शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मासूम के सिर, सीने, हिप्स, कंधे, माथे और पैर पर 22 से अधिक चोटों के निशान मिले हैं। इसके अलावा सिर की हड्डी टूटने से बच्चे की मौत की पुष्टि हुई है। पोस्टमॉर्टम होने के बाद अर्नव का शव पुलिस ने पिता भीष्म को सौंप दिया। पुलिस मौजूदगी ने भीष्म ने बेटे के शव का अंतिम संस्कार गुलाला घाट पर किया।

पुलिस ने नानी सुधा की तहरीर पर भीष्म और उसकी पत्नी रागिनी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस दोनों को पकड़कर पूछताछ कर रही है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि अर्नव बाथरूम में गिर गया था। फिर बोले जीने से गिर गया। इसलिए इतनी चोटें लगी हैं। पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर साक्ष्यों पर सवाल किए। डपटकर पूछा तो बोले कि गुस्से में हाथ से पीटा था। जिससे वह मर गया।

मौसी काजल ने बताया कि भीष्म अर्नव से मोबाइल के जरिए बात नहीं कराता था। कॉल करने पर बाहर होने की बात कहता था। वीडियो कॉल करने पर आरोपी मोबाइल का बैक कैमरा ऑन और माइक म्यूट कर देता था। फ्रंट कैमरा ऑन होने पर मासूम अर्नव सिर झुका कर बैठा रहता था। किसी बात का जवाब नहीं देता था। आखिरी बार अर्नव को 6 मार्च को वीडियो कॉल के जरिए देखा था। तब वह बीमार और सहमा लग रहा था। नानी और मौसी ने बताया कि जब वे कभी अर्नव से मिलने जाते तो रागिनी उन्हें बरामदे में बैठाती थी। बातचीत के दौरान अर्नव को अपनी गोद में रखती थी।

नानी सुधा ने बताया कि अर्नव को रागिनी फुल आस्तीन की टी-शर्ट, पैंट और मोजे पहनाकर रखती थी। पूछने पर रागिनी बताती थी कि अर्नव की तबीयत खराब है। गुरुवार को घटना के बाद भी अर्नव के पैरों में मोजे थे। मोजे उतारने पर घाव दिखे। आशंका होने पर पीड़ितों ने मासूम के कपड़े उतारे तो चोटों के निशान देख रोने लगे।

### भूखा-प्यासा रखकर करते थे टॉर्चर

- रोहित ने बताया कि अर्नव को उसके पिता भीष्म और सौतेली मां बुरी तरह पीटते थी। यह बात उसके पड़ोसियों ने कई बार दी थी। भीष्म और उसकी दूसरी पत्नी, अर्नव को भूखा-प्यासा रखकर टॉर्चर करते थे। भीष्म की दूसरी शादी के बाद एक दो बार अर्नव को देखने के लिए उसके घर आया था। भीष्म का व्यवहार ठीक न होने के कारण नहीं आता था।

### पैरों में बांधते थे रस्सी, सिगरेट से जलाया

- पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में अर्नव के पैरों में घाव के निशान पुराने हैं। आरोपी पिता व सौतेली मां मासूम को घर में बंद रखते थे। किसी से मिलने नहीं देते थे। पैरों में रस्सी बांध कर अरनव को घर में बंधक बनाकर रखते थे। रस्सी की रगड़ के घाव के निशान पैरों में हैं। इसके अलावा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में कंधे और माथे पर गंभीर चोट के नीले निशान मिले हैं। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने अर्नव को ऊंचाई से पटका है। कई जगह की तो खाल उधड़ी सी थी। ऐसा लग रहा है जैसे प्रेस से जलाया और सिगरेट से शरीर को दागा गया हो।

### साली से करना चाहता था शादी

- नानी ने बताया कि भीष्म दहेज की मांग व छोटी-छोटी बातों को लेकर स्वाती को प्रताड़ित करता था। उसकी बेरहमी से पिटाई करता था। स्वाती की मौत होने के पंद्रह दिन बाद भीष्म ने उनकी छोटी बेटी काजल से शादी करने का प्रस्ताव रख दिया। परिजन और काजल ने शादी से इंकार कर दिया। अर्नव को मौसी काजल मां की तरह रखती थी। काजल से बदला लेने के लिए भीष्म कोर्ट के जरिए अर्नव को अपने घर ले आया था।



करणी सेना सवर्ण मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के घर पर बैठे पुलिस के जवान। अमृत विचार

# करणी सेना सवर्ण मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समेत 20 हाउस अरेस्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **सीएमएस में रक्षामंत्री के कार्यक्रम के दौरान यूजीसी को लेकर प्रदर्शन की थी तैयारी**
- **विरामखंड स्थित आवास पर गोमतीनगर पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट**

**अमृत विचार:** गोमतीनगर पुलिस ने शुक्रवार सुबह करणी सेना सवर्ण मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संदीप सिंह, अन्य पदाधिकारियों समेत 20 से अधिक लोगों को उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया। संदीप सिंह ने सीएमएस में रक्षामंत्री राजनाथ के कार्यक्रम के दौरान विरोध प्रदर्शन व उनसे सवाल करने के इरादे से गुरुवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया था। वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया।

प्रदेश अध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया रक्षामंत्री राजनाथ सिंह हमारे सांसद हैं। दो दिन का उनका लखनऊ में कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसलिए उनसे मिलकर यूजीसी बिल को लेकर कुछ सवाल पूछना चाहते थे। उन्हें और उनके कार्यकर्ताओं को कोई प्रदर्शन नहीं करना था। गुरुवार को इसीलिए उन्होंने एक वीडियो जारी किया था।

शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे वह विरामखंड-2 स्थित आवास से निकलने की तैयारी कर रहे थे। मोर्चा के प्रवक्ता अभिनव नाथ त्रिपाठी, पदाधिकारी बसंत सिंह बघेल, आनंद त्रिपाठी, अरविंद पाठक, विशाल सिंह, अभय प्रताप सिंह, सौरभ व हिमांशु समेत 20-25 लोग उनके आवास पर आ चुके थे। अन्य लोग रामभवन चौराहे तक पहुंचे थे। इस बीच करीब 10:30 बजे एसीपी गोमतीनगर बृज नारायण सिंह गोमतीनगर पुलिस को लेकर पहुंचे। उन्हें और पदाधिकारियों को आवास से निकलने नहीं दिया। वहीं पर रोक दिया। इसके अलावा अन्य कार्यकर्ताओं को रामभवन के पास रोक लिया गया। बड़ी संख्या में घर पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि दो दिन तक रक्षामंत्री शहर में हैं। वे उनसे मुलाकात कर अपने सवाल जरूर पूछेंगे।


### व्यवसायी के घर से जेवर चोरी नौकरानी पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार , लखनऊ :** आशियाना के सेक्टर-एन इलाके में व्यवसायी के घर से लाखों रुपये के जेवर चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घर में काम करने वाली नौकरानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की गई है। सेक्टर-एन निवासी रत्नेश शर्मा के मुताबिक उनके घर में सेक्टर-एम1 रिक्शा कॉलोनी की रहने वाली लक्ष्मी भारती पत्नी नरेश भारती करीब 11 महीने से साफ-सफाई और बर्तन धोने का काम कर रही थी। दिसंबर में उनकी माता का करीब 7 .5 ग्राम सोने का कंगन चोरी हो गया था। 28 फरवरी को बहन के ससुराल जाने की तैयारी के दौरान करीब 29 ग्राम के जेवर—सुई-धागा, दो जोड़ी टॉप्स और एक अंगूठी—गायब मिले।

# हादसे में स्कूटी सवार छात्रा की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **बाजार से लौटते समय हुआ हादसा**
- **मड़ियांव के आईआईएम रोड की घटना**



खुशी शुक्ला

**अमृत विचार:** मड़ियांव स्थित आईआईएम रोड पर बिना हेल्मेट के स्कूटी चला रही बीएससी की छात्रा खुशी शुक्ला (21) की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। परिजन ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर वाहन की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


मूल रूप से कानपुर के चकेरी स्थित न्यू आजादनगर की रहने वाली खुशी शुक्ला बचपन से ही छोटी बहन रुचि के साथ आईआईएम रोड स्थित ननिहाल में रहती थी। खुशी एक निजी कॉलेज से बीएससी द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। मामा अनमोल ने बताया कि भांजी खुशी गुरुवार शाम करीब पांच बजे बाजार से लौट रही थी। इस बीच आईआईएम रोड पर किसी वाहन ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से खुशी उछलकर सिर के बल सड़क पर गिरी। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने खुशी को ट्रॉमा सेंटर भेजा। मोबाइल के जरिये परिजनों को घटना की जानकारी दी। ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि खुशी की मां आरती की चार साल पहले ही मौत हो चुकी है। पिता कानपुर में प्राइवेट नौकरी करते हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि अभी परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रोफेसर समेत छह के खातों से साइबर ठग ने उड़ाए 21 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **क्रिप्टो ट्रेडिंग, हैक व एप डाउनलोड कराकर की ठगी**
- **गोसाईंगंज, पीजीआई, कैसरबाग, तालकटोरा, विभूतिखंड व सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज**



**अमृत विचार:** साइबर जालसाजों ने प्रोफेसर समेत छह लोगों के खातों से 21 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने क्रिप्टो में ट्रेडिंग का झांसा दिया तो कहीं मोबाइल हैक व एप डाउनलोड कराकर ठगी की। साइबर ठगी के यह मामले गोसाईंगंज, पीजीआई, कैसरबाग, तालकटोरा, विभूतिखंड व सरोजनीनगर के हैं। पुलिस सभी मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

गोसाईंगंज निवासी प्रोफेसर अनुज कुमार पटेल ने बताया कि फेसबुक पर 4 दिसंबर को श्रुति खन्ना नाम की आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट आयी। मैसेंजर पर चैटिंग के दौरान व्हाट्सएप नंबर शेयर कर बात की गयी। जालसाज युवती ने क्रिप्टो करेंसी में ट्रेडिंग का झांसा देकर डीमैट अकाउंट खुलवाया। उसके बाद यूएसडीटी खरीदने के लिए क्यूआर कोड भेजकर 7.69 लाख रुपये जमा कराए गए। वेबसाइट लॉगिन न होने पर पीड़ित अनुज ने छानबीन की तो ठगी का पता चला। पीड़ित ने गोसाईंगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

वहीं, पीजीआई के पंचमखेड़ा निवासी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 9 मार्च की सुबह मोबाइल के स्क्रीन पर कुछ दिख नहीं रहा था। करीब एक घंटे बाद मोबाइल ऑन हुआ। इसी दौरान मैसेज आया तो पता चला कि खाते से दो बार में 1.49 लाख रुपये निकले हैं। उधर, कैसरबाग के लालबाग स्थित बीसीसी रेजीडेंसी निवासी डा. ज्योति आहूजा का बचत खाता बैंक ऑफ इंडिया में है। साइबर जालसाज ने उनके खाते से चार दिन में 3,34,729 रुपये पार कर दिए। इसके अलावा राजाजीपुरम ई-ब्लॉक निवासी 67 वर्षीय अधिवक्ता आनंद किशोर सक्सेना का खाता एचडीएफसी बैंक में है। साइबर जालसाज ने 17 जनवरी को उनके खाते से 2,28,900 रुपये गायब कर दिए। पासबुक अपडेट करने पर पता चला कि रुपये पटना में वकील ऋषिदेव के खाते में गए हैं। वहीं, विभूतिखंड के वास्तुखंड-2 निवासी रितेश शर्मा ने बताया कि एक एप डाउनलोड करने पर जालसाज ने 1,18,154 रुपये ऐंठ लिए। उधर, सरोजनीनगर के आजादनगर निवासी कुसुम पांडेय ने बताया कि व्हाट्सएप पर जालसाज ने न्यू बेरी ग्रुप पर जोड़ा। आईपीओ पर निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर 5 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। मुनाफा देख पीड़िता ने विड्राल का प्रयास किया तो ठगी का एहसास हुआ।

**वारदात** | शटर का ताला तोड़कर नकदी व चार पेटी शराब ले गए चोर

# दो शराब की दुकानों में चोरी, कैमरे में कैद हुए चोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



खुला पड़ा शराब की दुकान का शटर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** दुबग्गा में जेहटा पुलिस चौकी के पास स्थित दो शराब की दुकानों को गुरुवार देर रात चोरों ने निशाना बनाया। शटर तोड़कर चोरों ने नकदी और करीब चार पेटी शराब चोरी ली। वारदात के दौरान चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी उखाड़ ले गए। वहीं, दूसरी दुकान में लगे कैमरे में दो नकाबपोश चोर शराब ले जाते कैद हुए हैं। शुक्रवार सुबह चोरी की सूचना मिलते ही दुबग्गा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से छानबीन कर रही है।

इंदिरानगर निवासी हेमंतकांत जायसवाल की जेहटा पुलिस चौकी के सामने कंपोजिट शराब की दुकान है। शुक्रवार सुबह आसपास के लोगों ने दुकान का शटर टूटा देखा तो उन्हें सूचना दी। जानकारी मिलते ही हेमंतकांत मौके पर पहुंचे। देखा कि दुकान के पीछे का शटर उठाकर चोरी की गयी। उन्होंने बताया कि चोर गल्ले में रखे करीब 40 हजार रुपये, दो पेटी अंग्रेजी शराब और दो पेटी बीयर लेकर फरार हो गए। यही नहीं वारदात के दौरान चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी उखाड़ ले गए।

इसके बाद चोरों ने अखिलेश कश्यप की शराब की दुकान को निशाना बनाया। वहां शटर तोड़कर चोर तीन बोतल शराब और एक हजार रुपये चोरी कर भाग निकले। पूरी घटना दुकान में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में दो युवक मुंह पर कपड़ा बांधे दिखाई दे रहे हैं और उनके हाथ में शराब की बोतल भी नजर आ रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि दोनों दुकानदारों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

# खराब स्कूली वाहनों पर कसेगा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **कासगंज व आगरा की घटनाओं के बाद शासन सख्त , 1 से 15 अप्रैल तक चलेगा विशेष अभियान**
- **बिना फिटनेस, परमिट और 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों पर होगी कड़ी कार्रवाई**

**अमृत विचार:** कासगंज और आगरा में हाल ही में हुई दर्दनाक घटनाओं के बाद शासन ने स्कूली वाहनों की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। इन घटनाओं में खराब स्थिति और कमजोर फर्श के कारण झटके लगने पर बस का फर्श टूट गया, जिससे वहां बैठी एक स्कूली छात्रा वाहन से नीचे गिरकर बस के पहिए के नीचे आ गई और उसकी दुखद मृत्यु हो गई। शासन ने इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए प्रदेशभर में स्कूली वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रभात पाण्डेय ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक स्कूली वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत ऐसे वाहनों की सूची तैयार की जा रही है जिनकी फिटनेस या परमिट समाप्त हो चुका है अथवा जिनकी आयु 15 वर्ष पूरी हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित सभी विद्यालयों के प्रबंधन से अपेक्षा की गई है कि वे अपने स्कूल के सभी वाहनों की भौतिक जांच कराएं और सुनिश्चित करें कि वाहन की बॉडी, फर्श और अन्य तकनीकी व्यवस्थाएं पूरी तरह सुरक्षित और मजबूत हों। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी वाहन स्कूल बसों के निर्धारित मानकों के अनुरूप हों।

प्रवर्तन अधिकारी ने चेतावनी दी कि अभियान के दौरान यदि बिना फिटनेस, बिना परमिट या मानकों का पालन न करने वाली बसें संचालित पाई गईं तो उन्हें तत्काल थानों में निरुद्ध किया जाएगा। ऐसी स्थिति में पूरी जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय प्रबंधन की होगी और परिवहन विभाग द्वारा कड़ी कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### मीन संक्रांति का खरमास आज से

**अमृत विचार,लखनऊः** जब सूर्य देव देवगुरु बृहस्पति की राशियों में प्रवेश करते हैं तब खरमास लगता है। वर्ष में यह दो बार पड़ता है। पहली बार धनु संक्रांति पर और दूसरी बार मीन संक्रांति पर। धनु संक्रांति वाला खरमास लगभग 15 दिसंबर से 14 जनवरी तक रहता है, मीन संक्रांति का खरमास 14 मार्च से 14 अप्रैल तक रहेगा। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल के अनुसार इस वर्ष सूर्य देव 14 मार्च की देर रात 1 बजकर 8 मिनट पर मीन राशि में गोचर करेंगे, जिसके साथ ही एक महीने का खरमास शुरू हो जाएगा। खरमास के दौरान विवाह, यज्ञोपवीत, कर्ण छेदन, गृह प्रवेश, नया व्यवसाय शुरू करना और नामकरण जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। 14 अप्रैल को सूर्य देव के मेष राशि में प्रवेश करते ही खरमास समाप्त हो जाएगा। खरमास में सूर्य देव की आराधना करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस अवधि में जल का दान, पवित्र नदियों में स्नान और पूर्वजों के लिए श्राद्ध करने का विशेष महत्व बताया गया है।

### पापमोचनी एकादशी कल

अमृत विचार, लखनऊ :इस्कॉन मन्दिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने बताया कि 15 मार्च को पापमोचनी एकादशी है। हमें सदैव द्वादशी प्रधान एकादशी का व्रत रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिसमें दशमी का लेश मात्र मिश्रण न हो, द्वादशी प्रधान एकादशी कृष्ण भावनामृत को बढ़ाने वाली और विशेष फल देने वाली है। एकादशी को अन्न ग्रहण नहीं करना चाहिए। एकादशी व्रत रखने के साथ-साथ अगले दिन समय से व्रत का पारण किया जाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि व्रत पारण समय 16 मार्च को प्रातः 6:15 से 9:43 बजे तक है।

### बहुचर्चित नाटक डैडी का मंचन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :**भारत रंग महोत्सव 2026 नई दिल्ली में और भारत भवन कि 44वीं वर्षगांठ पर भोपाल में प्रदर्शन के बाद नाट्य संस्था दर्पण अपना चर्चित नाटक डैडी का लखनऊ में पुनः मंचन करने जा रहा है। फ्लोरियां जैलर के नाटक ले पेरेसे प्रेरित नाटक डैडी का लेखन सूर्यमोहन कुलश्रेष्ठ एवं शिवांगी निगम तथा निर्देशन रंगकर्मी सूर्यमोहन कुलश्रेष्ठ ने किया है। डैडी इ मुख्य भूमिका सशक्त अभिनेता पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी ने निभाई है। नाटक का मंचन 14 मार्च 2026 को संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में सायं 7:05 बजे किया जाएगा।

### मंदिर के सामने से मीट की दुकान हटाने की मांग

**अमृत विचार,लखनऊ :** नटखेडा रोड, आलमबाग स्थित एक शिव मंदिर और कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में मंदिर के सामने संचालित मीट की दुकान ने व्यापारियों और स्थानीय लोगों के बीच नाराजगी पैदा कर दी है। क्षेत्रीय लोग और व्यापारी कृष्णा नगर पुलिस से लिखित शिकायत कर इस दुकान को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की गुहार लगा रहे हैं। व्यापारी नेता मनीष अरोड़ा सहित स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर के ठीक सामने मीट की दुकान होने से धार्मिक भावनाओं को आघात पहुंच रहा है। साथ ही मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों की मांग है कि कृष्णा नगर पुलिस इस मामले में हस्तक्षेप करें और मीट की दुकान को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित कराकर मंदिर के सामने की स्थिति को सुधारने में मदद करे।

# नमाज के बाद अमेरिका- इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन

## एतिहासिक आसिफी मस्जिद में ईरान के खिलाफ जंग और आयतुल्लाह अली खामेनेई को शहीद करने पर जताया गया अफसोस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** एतिहासिक आसिफी मस्जिद में अलविदा की नमाज के बाद ईरान पर थोपी गई जंग और शियों के रहबर आयतुल्लाह अली खामेनेई को शहीद किए जाने पर अमरीका और इजराइल के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन को दिए संबोधन में मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि ईरान ने सर नहीं झुकाया क्योंकि वह कर्बला का मानने वाला है। खामेनेई ने दुनिया को सन्देश दिया कि कर्बला वाले सर कटा देते हैं लेकिन उसे झुकाते नहीं हैं। मौलाना ने कहा कि जो हालात हैं उससे यह साफ़ है कि यह आख़री विरोध प्रदर्शन है। अगली ईद पर बैतुल मुकद्दस पर यौमे आजादी मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस जंग में जीत सच्चाई की होगी।

उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि ईरान ने भारत को तेल देने की इजाजत दी। ईरान ने ऐसे हालात बना दिए कि ट्रंप खुशामद कर रहा है कि जंग खत्म हो जाए। मौलाना अली अब्बास खान ने कहा कि इंसानियत के लीडर को शहीद करने के बाद अमरीका और इजराइल ने सोचा था कि इससे ईरान की आवाज कमजोर पड़ जाएगी लेकिन उन्हें यह पता नहीं था कि शहीद की आवाज और भी ताकतवर हो जाती है। उन्होंने कहा कि हमें कामयाब कौमों से सीखने की जरूरत है। 45 साल पहले जो ईरान छोटा सा हथियार भी नहीं बना सकता था उससे सुपर पॉवर सीज फायर की प्रार्थना कर रहा है। मौलाना शाहिद आलम ने कहा कि आज यौमे कुद्स है। यह दिन बेसहारों के साथ खड़ा होने का दिन है। आयतुल्लाह खामेनेई ने अमरीका के चेहरे से नकाब हटा दी है। उन्होंने कहा कि इस जंग से जालिमों की शक्लें सामने आ गई हैं। आयतुल्लाह खामेनेई हमदर्दी का दूसरा नाम हैं। इस मौके पर मौजूद हजारों नमाजियों ने इजराइल, अमरीका और सऊदी अरब के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। आयतुल्लाह खामेनेई और 165 मासूम बच्चों को निशाना बनाकर कत्ल करने वालों के लिए बद्दुआ की।


अलविदा की नमाज के बाद अमेरिका और इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन करते मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार

### फितरा रमजान के रोजों को क़ुबूल करवाता है

**अमृत विचार, लखनऊ :**कार्यालय आयतुल्लाह अल उज्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर 23 रमजान को रोजेदारों द्वारा पूछे गये सवालों के जवाब मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। एक रोजेदार ने हेल्पलाइन पर पूछा कि फितरा निकालने से इंसान को क्या फायदा होता है? इसके जवाब में बताया गया कि फितरा रमजान के रोजों को कबूल करवाता है और अगले साल तक इंसान की हिफाजत का जरिया बनता है। एक रोजेदार ने पूछा कि अगर कोई सैय्यद आदिल न हो तो क्या उसको खुम्स दिया जा सकता है? इसके जवाब में बताया गया कि गैर-आदिल सैय्यद को खुम्स दिया जा सकता है, लेकिन सैय्यद का आशना -अशरी (शिया) होना जरूरी है। हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि क्या खुम्स की रकम इंसान खुद अपनी मर्जी से किसी जगह, जैसे मस्जिद या मदरसा में दे सकता है। इसके जवाब में बताया गया कि ख़ुम्स की रकम को मराजे के दफ्तर तक पहुंचाना जरूरी है, या जिनके पास उनका इजाजा हो उन्हें दें।

### अल्लाह की रहमत और गुनाहों से माफी दिलाने वाला महीना है रमजान

**अमृत विचार,लखनऊ :** दुबग्गा हरदोई रोड स्थित मस्जिद-ए-अबूतालिब में शुक्रवार को अलविदा की नमाज मौलाना अफजल हैदर की इमामत में अदा की गई। नमाज-ए-जुमा के खुतबे में उन्होंने कहा कि रमजान का बरकत वाला महीना अपने समापन के करीब है। वे लोग बहुत भाग्यशाली हैं जिन्होंने इस पवित्र महीने में अल्लाह की रहमतों और उसकी कृपा से अपनी झोलियां भरीं, और रो-रोकर दुआएं मांगकर अपने पापों की क्षमा प्राप्त की। मौलाना अफजल हैदर ने इस मौके पर कहा कि जुमातुल विदा इस बात का अहसास दिलाता है कि अब केवल कुछ ही दिन बाकी हैं, और वह पवित्र महीना समाप्त होने वाला है जिसमें प्रतिदिन ईश्वरीय दरबार से गुनाहों की मगफिरत दुआ की जाती है। उन्होंने जोर दिया कि इस महीने के सम्मान में जो भी कमी या कोताही रह गई हो, उसके लिए सच्चे दिल से अल्लाह के दरबार में माफी मांगी जाए। जो दिन बाकी रह गए हैं, उनकी कद्र की जाए और अपने गुनाहों को बख्शवाकर रहमत की बहारें हासिल की जाएं।

### ईद-उल-फितर 21 मार्च को : डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी

**अमृत विचार, लखनऊः** खगोल शास्त्र की गणना के अनुसार ईद-उल-फितर पूरे देश में आगामी 21 मार्च (शनिवार) मनाई जाएगी। ईद का चांद शुक्रवार 20 मार्च को देखा जाएगा और ईद-उल-फितर की नमाज अगले दिन 21 मार्च को पढ़ी जाएगी। मौलाना डॉ. कल्बे सादिक के पुत्र मौलाना डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी एक बार फिर स्पष्ट किया जा रहा है कि किसी भी तरह के विरोधाभास होने की सूरत में चांद कमेटियों का फैसला ही अंतिम माना जाएगा। चांद कमेटियों के ओलेमा से भी गुजारिश है कि यह एआई का जमाना है, जिसमें किसी भी शहर या इलाके में चांद दिखने की फोटो या वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल करना आसान है। इसलिए 29 रमज़ान को बहुत सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस साल शिया समुदाय अपने धार्मिक रहबर आयतुल्लाह अली खामेनाई और दूसरे बेगुनाह नागरिकों की शहादत की वजह से ईद बहुत सादगी के साथ मनाएगा और ईद की नमाज और जकात-उल-फित्र की अदायगी के अलावा किसी भी तरह की खुशी से दूर रहेगा। ईद से पहले ईद की तारीख़ का एलान करने की परम्परा पदम् भूषण मौलाना डॉ. कल्बे सादिक ने सन 1996 में डाली थी। ये सिलसिला उसी के बाद से जारी है।





उप्र आदर्श व्यापार मंडल के कार्यालय में व्यापारियों को व्यापार बढ़ाने के तरीके बताते प्रो. दिनेश गुप्ता।

# आनंद श्री ने बताए व्यापार बढ़ाने के तरीके

## उप्र आदर्श व्यापार मंडल ने कराया ग्रो योर बिजनेस कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में हुए ग्रो योर बिजनेसकार्यक्रम में सात बार के गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर मोटिवेशनल स्पीकर प्रो. दिनेश गुप्ता "आनंद श्री" ने व्यापारियों को व्यापार में गुणात्मक वृद्धि के तरीके बताए।

मोटिवेशनल स्पीकर ने टारगेट मार्केट, नो योर कस्टमर, गारंटी, वैल्यू, ,कस्टमर फीडबैक, सोशल प्रूफ, यूट्यूब, डिस्काउंट ऑफर पर फोकस पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अब आपका कंपटीटर पड़ोसी दुकानदार ही नहीं है, देश में बैठा कोई भी व्यापारी है, इसलिए आपको ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आना चाहिए। अपने स्टेट्स पर अपने प्रोडक्ट की जानकारी डालकर ऑनलाइन व्यापार की शुरुआत करें। प्रो. गुप्ता ने कहा यदि हम ग्राहकों को महत्व देंगे तो निश्चित वह हमारा नियमित ग्राहक बनेगा। ग्राहकों से फीडबैक भी अवश्य लें। उसे सोशल मीडिया के माध्यम से सोशल प्रूफ के रूप में अपने व्यापार में इस्तेमाल करें। उन्होंने व्यापारियों से ब्रांड बनाने पर जोर दिया।

उप्र. आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा वर्तमान में व्यापारियों के सामने अनेक प्रकार की चुनौतियां हैं। इसे लेकर संगठन अपनी जिम्मेदारी निभाने का काम कर रहा है। प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, प्रदेश मंत्री संदीप सिंह गौड़, शशिकांत शर्मा, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, राजीव शुक्ला, संजय त्रिवेदी, प्रवेश जैन, रिजवान हैदर, मसीह उजमा गांधी, नितिन गुलाटी, विजय मिश्रा, अक्षय सिंह, दीपक भाटिया, सुनील मौर्या, मोहम्मद यासीन, संजय कुमार गुप्ता, प्रवीण मिश्रा आदि व्यापारी शामिल रहे।

### वॉकथॉन से किया जागरूक

**अमृत विचार,लखनऊ :** एसजीपीजीआई में शुक्रवार को नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी और किडनी प्रत्यारोपण विभागों की ओर से राज्य अंग व ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सोटो) के सहयोग से वॉकथॉन और जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें विशेषज्ञों ने किडनी स्वास्थ्य, पर्यावरणीय स्थिरता और अंगदान के महत्व पर विचार रखे।

### इंद्रियां कभी तृप्त नहीं होती

**अमृत विचार, लखनऊः** चिनहट के अनोरा कला स्थित वेदांत सत्संग आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में दूसरे दिन महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि इंद्रियां कभी तृप्त नहीं होतीं, बल्कि समय के साथ समाप्त हो जाती हैं। भोग की इच्छा कभी समाप्त नहीं होती, इसलिए मनुष्य को अपने जीवन में प्राप्त अर्थ और संसाधनों को धर्म और पुण्य के कार्यों में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य जब धन प्राप्त करता है तो प्रायः भोग-विलास में लग जाता है, जबकि अर्थ की वास्तविक सार्थकता तब है जब उसे धर्म में परिवर्तित किया जाए और अधिक से अधिक पुण्य अर्जित किया जाए।



उन्होंने बताया कि मनुष्य चाहे जितना प्रयास कर ले, इंद्रियों की तृप्ति संभव नहीं है, लेकिन यदि वही प्रयास भगवान की प्राप्ति और धर्म के मार्ग में लगाए जाएं तो जीवन सफल हो सकता है। महामंडलेश्वर ने आगे कहा कि जब संसार में अज्ञान बढ़ जाता है, तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर लोगों को ज्ञान का मार्ग दिखाते हैं।

व्यास, नारद और कपिल जैसे महापुरुष इसी ज्ञान परंपरा के उदाहरण हैं। कार्यक्रम में स्वामी रामानंद सरस्वती, ब्रह्मचारी अमृत चैतन्य जी महाराज, पंडित रामभवन शुक्ला, आलोक दीक्षित और अभिषेक शुक्ला उपस्थित रहे।

# दिल विदाउट बिल शिविर कल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सत्य साईं सेवा संगठन उत्तर प्रदेश की ओर से सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल (अहमदाबाद एवं राजकोट, गुजरात) के सहयोग से दूसरा मेगा हार्ट कैंप : दिल विदाउट बिल का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को उच्च स्तरीय हृदय रोग परामर्श, जांच तथा शल्य चिकित्सा (ऑपरेशन) की आवश्यकता होने पर वह भी पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध कराना है। बच्चों का ऑपरेशन अहमदाबाद तथा वयस्कों का ऑपरेशन राजकोट के हार्ट हॉस्पिटल्स में होगा। यह विशाल शिविर रविवार 15 मार्च को लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। सत्य साईं सेवा संगठन उत्तर प्रदेश के कोआर्डीनेटर देवेन्द्र गर्ग और जिला अध्यक्ष अजय कपूर ने बताया कि 15 मार्च रविवार को आशियाना के चांसलर क्लब में प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक यह शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर में ऐसे लोग अपनी जांच करा सकते हैं जिनकी मासिक पारिवारिक आय 35 हजार रुपये से कम हो और रोगी की उम्र 65 वर्ष से कम हो। दिल विदाउट बिल अभियान सत्य साईं बाबा के सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा के संकल्प का हिस्सा है।

## सिटी डायरी



एसबीआई मीट में सम्मानित पेंशनर्स के साथ अधिकारी।

### एसबीआई के वरिष्ठ पेंशनर सम्मानित

**अमृत विचार,लखनऊः** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) लखनऊ अंचल ने शुक्रवार को अटल बिहारी बाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में पेंशनर्स मीट का आयोजन किया। इसमें 5 वर्ष से अधिक आयु वाले पेंशनर्स को माला, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि लखनऊ मंडल महाप्रबंधक अनिल कुमार ने कहा कि स्टेट बैंक की प्रगति में पूर्व अधिकारियों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उपमहाप्रबंधक धीरज कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्त साथी किसी भी आवश्यकता के समय उनसे संपर्क कर सकते हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। मंडल महामंत्री अतुल स्वरूप ने पेंशनर्स से बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने, विशेष रूप से स्वास्थ्य बीमा योजना 'पॉलिसी बी' में पंजीकरण कराने की अपील की।


सम्मानित करते अमरनाथ मिश्रा, साथ में अन्य।

### होली मिलन में किया सम्मानित

**अमृत विचार,लखनऊ :** सिविल डिफेंस के इंदिरा नगर प्रखंड की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह शुक्रवार को कुर्मी भवन में मनाया गया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्र रहे। होली मिलन समारोह के बीच डिप्टी चीफ गुरुप्रीत सिंह सेठी को सम्मानित किया गया। स्टाफ ऑफिसर ऋतु राज रस्तोगी, डी डब्ल्यू आजाद हाफिज, डीडी डब्ल्यू जितेंद्र सिंह, एडीसी मनोज कुमार एवं रेखा को सम्मानित किया गया। चीफ वार्डन द्वारा सभी वार्डन को प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया और हौसलाआफजाई की गई। डिवीजनल वार्डन सुनील यादव व डिप्टी राजेन्द्र वर्मा ने चीफ वार्डन का स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।


राजनाथ सिंह के साथ सिंधी समाज के पदाधिकारी व महापौर।

### जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की मांग

**अमृत विचार,लखनऊ :** चेट्टी चंद मेला कमेटी के पदाधिकारी व सिंधु सभा के पदाधिकारी शुक्रवार को सांसद एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मिले और उनका सम्मान किया। पदाधिकारियों ने मांग की कि पूरे देश में बीजेपी शासित राज्यों में भगवान झूलेलाल की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। पूरे देश में 20 मार्च को भगवान झूलेलाल की जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई जानी है। राजनाथ सिंह के आवास पर मुलाकात में महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक मुकेश शर्मा, योगेश शुक्ला उपस्थित रहे।


एमडी रिया केजरीवाल को पदक और शील्ड समर्पित करते खिलाड़ी।

### पदक जीते

**अमृत विचार,लखनऊः** पावर सेक्टर खेल प्रतियोगिता में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने कई पदक जीते। विजेताओं ने प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल को पदक और शील्ड समर्पित किए। अधीक्षण अभियंता यतेन्द्र, प्रशासनिक अधिकारी और क्रीड़ा अधिकारी बीपी यादव ने बैडमिंटन, विकास सिन्हा ने कैरम व शतरंज में पदक जीते। शैलेंद्र यादव ने गोला, भाला फेंक में स्वर्ण, कमल किशोर ने रजत जीता। रस्साकसी में संदीप, आलोक भटनागर ने लॉन टेनिस में दो पदक जीते।

## आयोजन

ऐशबाग रामलीला मैदान पर हुए अग्रहरि समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री और विधायक

# होली मिलन में बच्चे नाचे और महिलाओं ने किया डांडिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अग्रहरि समाज के होली मिलन समारोह में शुक्रवार को मुख्य संगठन, महिला संगठन और युवा संगठन की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। ऐशबाग रामलीला मैदान पर हुए होली मिलन में संस्कृति विभाग की ओर से फूलों की होली का आयोजन किया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम और महिला मंडल ने डांडिया नृत्य किया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधायक डॉ. नीरज बोरा, वैश्य समाज के सुधीर हलवासिया, विराज सागर दास, अग्रहरि समाज के राष्ट्रीय संरक्षक सोमबंद गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष अग्रहरि, प्रदेश युवा अध्यक्ष सुगंध अग्रहरि, शैलेन्द्र अग्रहरि सहित वैश्य जनों ने सहभागिता की।



अग्रहरि समाज के होली मिलन समारोह में नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

### कार्यकारिणी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई

लखनऊ अग्रहरि समाज के मुख्य संरक्षक जगदीश गुप्त अग्रहरि के सानिध्य में नई कार्यकारिणी को शपथ भी दिलाई गई। लखनऊ के अध्यक्ष प्रमोद अग्रहरि , कार्यकारी अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष, डॉ. राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष सुजीत आग्रहरि, विकल अग्रहरि, पप्पू अग्रहरि (सांगीपुर), वरिष्ठ महामंत्री वरुण अग्रहरि, महामंत्री बसंत अग्रहरि के अलावा सदस्य पद पर अरविन्द अग्रहरि, राजीव गुप्ता, प्रताप नारायण, दिनेश अग्रहरि, राजेश गुप्ता, राजेन्द्र, यशपाल अग्रहरि, रमेश गुप्ता, राकेश चंद्र, मुकेश अग्रहरि, अनूप गुप्ता (बब्लू) अजय, दिलीप अग्रहरि ने शपथ ली। इसके अलावा महिला मंडल अध्यक्ष पद पर सुनीता अग्रहरि, पूनम गुप्ता, उपाध्यक्ष पद पर डॉ. श्वेता गुप्ता, अनुपमा अग्रहरि, श्वेता अग्रहरि, महामंत्री / मंत्री नीलम, सीता, रानी, क्षमा अग्रहरि, पिंकी अग्रहरि, अनीता अग्रहरि, साधना अग्रहरि, माया, मधु, योगिता, सीमा एवं अदिति अग्रहरि ने महिला संरक्षिका प्रेमकुमारी, विद्या देवी को शपथ दिलाई गई। युवा मंडल में अनुपम अग्रहरि, कन्हैया लाल, पिंटू, रवि अग्रहरि, सौरभ अग्रहरि, आदित्य गुप्ता, विशाल (हिमांशु), अभिषेक, विनय, दीपक, विक्रम, नवीन, आयुष, शिवकुमार आर्यन, आकाश, अमन, गुड्डू, सुरेश, अंकित गुप्ता ने शपथ ली।

### पर्वतीय महापरिषद के होली मिलन में संगीत और नृत्य की धूम

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्वतीय सांस्कृतिक एवं कल्याण समिति सरोजनी नगर पर्वतीय महापरिषद की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जागरण पार्क नंबर-2, हाउसिंग सोसाइटी में हुए आयोजन में उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के कलाकारों और बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। समिति के मुख्य संरक्षक गणेश चन्द्र जोशी, मुख्य समन्वयक विंग कमांडर एमसी पाण्डेय, संरक्षक जीडी धरियाल, गोविन्द उपाध्याय, मुख्य संयोजक डॉ. बीएस नेगी, संयोजक भुवन जहांवासी, सह-संयोजक डीडी जोशी, लोकेश पंत, अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह रावत, उपाध्यक्ष चंदन बिष्ट, महासचिव योगेश शर्मा, सचिव शेखर नेगी, बलवंत सिंह रहे।

## सिटी ब्रीफ



### छात्रा पुरस्कृत

अमृत विचार, लखनऊ : डीएवी डिग्री कॉलेज में अभिव्यक्ति 2026, वार्षिकोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिता एकल गान, समूह गान, एकल नृत्य छात्र, एकल नृत्य छात्रा, समूह नृत्य, रंगोली, वाद-विवाद, मेहंदी इत्यादि का आयोजन हुआ। जिसमें 18 कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी। जिसमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल डिग्री कॉलेज राजाजीपुरम, लखनऊ, के बीए छात्रा अंशिका राय ने एकल नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। जिसे कॉलेज के प्राचार्या डॉ. वीके श्रीवास्तव तथा कॉलेज सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. यतींद्र कुमार झा, ने बीए की छात्रा अंशिका राय को सम्मानित किया।

### एनबीआरआई में खिलेंगे बोगनवेलिया के फूल

अमृत विचार, लखनऊ : सीएसआईआर–राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में आज और कल बोगनवेलिया महोत्सव–2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस रंगारंग पुष्पोत्सव में बोगनवेलिया की विभिन्न आकर्षक किस्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस दो दिवसीय पुष्पोत्सव में बोगनवेलिया की विभिन्न रंग-बिरंगी और दुर्लभ किस्मों का आकर्षक प्रदर्शन किया जाएगा, जो प्रकृति प्रेमियों और बागवानी के शौकीनों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहेगा। महोत्सव का उद्घाटन आज दोपहर 12 बजे बॉटैनिक गार्डन के सेंट्रल लॉन में होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के ओएसडी एनकेएस चौहान उपस्थित रहेंगे। महोत्सव का समापन और पुरस्कार वितरण समारोह कल सायं 4:30 बजे आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल प्रतिभागियों को पुरस्कृत करेंगी।

### जीत के साथ हासिल किए पूरे अंक

अमृत विचार, लखनऊ : 21वीं बाबू बनारसी दास ए डिवीजन क्रिकेट लीग के तहत शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब, यार्कर क्रिकेट क्लब और यूपी टिंबर क्रिकेट क्लब ने शानदार जीत दर्ज करते हुए पूरे अंक अपने नाम किए। अखिल इंफ्रा ने लाइफ केयर क्लब को छह विकेट से, यार्कर क्रिकेट क्लब ने डीवाईए को 137 रन से और यूपी टिंबर क्रिकेट क्लब ने कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब को नौ विकेट से हराया।

### बेल्ट वितरण समारोह आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना स्थित विश्वनाथ एकेडमी आशियाना में ताइक्वांडो के नव प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित बेल्ट वितरण समारोह यादगार बन गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 20 खिलाड़ियों को उनकी पहली यलो बेल्ट और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो पदक विजेता मो. नदीम और विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी महेंद्र सिंह रहे। दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों को बेल्ट पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। पहली बार यलो बेल्ट प्राप्त करते ही खिलाड़ियों के चेहरों पर आत्मविश्वास और खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय की प्रधानाचार्य चारु खरे ने मुख्य और विशिष्ट अतिथियों को बुके भेंट कर सम्मानित किया।

# लखनऊ और बाराबंकी के खिलाड़ियों ने बिखेरा जलवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीन दिवसीय जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन

अमृत विचार: महानिदेशक, युवा कल्याण और प्रान्तीय रक्षक दल विभाग की देखरेख में मोहनलालगंज स्थित विभागीय स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हो गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन जूडो और फुटबॉल के रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिनमें लखनऊ, बाराबंकी और उन्नाव के खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

जूडो प्रतियोगिता के सब-जूनियर वर्ग में लखनऊ के हरिओम अवस्थी, ओम सिंह और प्रदीप कुमार ने स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं बाराबंकी के शौर्य प्रताप सिंह और मोहम्मद असद ने भी प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बालिका वर्ग में मोहनलालगंज की दिव्या तिवारी और बाराबंकी की आराध्या पाण्डेय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। जूनियर वर्ग में बाराबंकी के मोहम्मद अरमान और अंश यादव विजेता बने, जबकि बालिका वर्ग में लखनऊ की आंशिक गुप्ता और प्रगति केसरवानी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# पैरा ओलंपिक में लखनऊ के मोनू भरेंगे श्रीलंका की उड़ान

नीरज मिश्र अभिषेक, लखनऊ

- हादसे में पैर गंवाने के बाद भी नहीं मानी हार
- कई वर्षों के संघर्षों के बाद पैरा इंडियन टीम में हुआ चयन
- श्रीलंका में होने वाले पैरा ओलंपिक टी-20 में दमदार प्रदर्शन के लिए तैयार मोनू चौरसिया

अमृत विचार: शहर के डालीगंज निवासी 30 वर्षीय मोनू चौरसिया संघर्ष और हौसले की मिसाल बनकर उभरे हैं। बचपन में हुए एक हादसे में अपना दाहिना पैर गंवाने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अब पैरा इंडियन क्रिकेट टी-20 टीम में चयनित होकर श्रीलंका में होने वाली पैरा टी-20 प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं।

मोनू चौरसिया सात वर्ष की उम्र में ट्रैक्टर की चपेट में आने पर अपना पैर गंवा बैठे थे। इस हादसे के बाद उनकी जिंदगी में अंधेरा छा गया था लेकिन परिवार के हौसले और केजीएमयू के लिंब सेंटर की मदद से उन्हें नई उम्मीद मिली। आर्टिफिशियल पैर लगने के बाद उन्होंने न सिर्फ सामान्य जीवन जीना शुरू किया बल्कि खेल के मैदान में भी अपनी पहचान बनाई। कई वर्षों की कड़ी मेहनत और संघर्ष के बाद उनका चयन पैरा इंडियन क्रिकेट टी-20 टीम में हुआ है। अब वह श्रीलंका में होने वाले पैरा टी-20 मुकाबलों में दमदार प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। मोनू को 2013 में उत्तर प्रदेश खेल विभाग की ओर से सम्मानित किया गया था, जबकि 2014 में उन्हें राज्य स्तरीय सम्मान के तहत सम्मानित किए जाने के साथ वर्ष 2015 में बिहार के खेल मंत्री ने भी उनके जज्बे को सलाम कर सम्मानित किया। मोनू के इस सफर में उनके पिता हरीराम, मां गीता चौरसिया, भाई सोनू और बहनें राधा और रूपा लगातार उनका हौसला बढ़ाते रहे हैं। मोनू के लिए वॉलीबॉल खिलाड़ी अरुणिमा सिंह प्रेरणा स्रोत हैं, जो स्वयं दिव्यांग होते हुए भी खेलों में शानदार प्रदर्शन कर चुकी हैं। फिलहाल मोनू जयपुर स्थित प्रिंटर क्लब ऑफ इंडिया कंपनी में काम कर रहे हैं।



मेडल के साथ मोनू चौरसिया।

### खुद ही उठाना पड़ता है खर्च

- मोनू बताते हैं कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को अक्सर अपना खर्च खुद ही उठाना पड़ता है। श्रीलंका में होने वाली प्रतियोगिता के लिए उन्हें 55 हजार रुपये से अधिक खर्च करना पड़ा। उनका मानना है कि आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों की मदद और उन्हें सरकारी नौकरी देने के लिए ठोस नीति बनाई जानी चाहिए।

### लिंब सेंटर ने दी नई उम्मीद

- मोनू ने बताया कि पैर गंवाने के बाद जीवन में कोई उमंग नहीं रह गई थी। आगे पूरी जिंदगी पड़ी थी, ऐसे में परिवारीजनों को उम्मीद की किरण नजर आई जब वह केजीएमयू के लिंब सेंटर पहुंचे। जहां मामूली खर्च पर मोनू को आर्टिफिशल अंग लगाने के बाद वह अब सामान्य लोगों की तरह चल फिर सकते हैं, इतना ही नहीं अब वह ओलिंपिक में जाने की तैयारी कर रहे हैं।

# जलवायु परिवर्तन बदल देगा फसल चक्र

## लविवि में आयोजित हो रहा जियोकॉन-2026, देशभर के वैज्ञानिकों की चिंता बनी जलवायु परिवर्तन की चुनौती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पृथ्वी के तापमान में हो रहे बढ़ोत्तरी और जलवायु परिवर्तन से न केवल फसल चक्र प्रभावित होगा, बल्कि फसलों के उत्पादन में भी गिरावट आएगी। महासागरों का जलस्तर बढ़ रहा है और नीली अर्थव्यस्था कही जाने वाली समुद्री संसाधनों के चरित्र में भी बदलाव दिखने लगा है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती को लेकर देशभर से जुटे वैज्ञानिकों ने अपनी चिंता प्रगट की है। लखनऊ विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग में आयोजित सतत पर्यावरण के लिए भू-विज्ञान और जलवायु परिवर्तन विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन जियोकोन-2026 में वैज्ञानिकों ने अपनी चिंताएं प्रगट की। वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने पृथ्वी विज्ञान, जलवायु परिवर्तन, खनिज संसाधन और पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।



जलवायु परिवर्तन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का दीप जलाकर उदघाटन करते लविवि के उप कुलपति डॉ. अरविंद मोहन व अन्य।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना के निदेशक प्रो. टीएन सिंह ने हिमालयी क्षेत्र में अर्धसुरंगों के संदर्भ में पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन और चट्टानों के गिरने से होने वाले जोखिमों व उनके वैज्ञानिक समाधानों पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान, गोवा के निदेशक प्रो. सुनील कुमार सिंह ने नीली अर्थव्यवस्था महासागर और चुनौतियों पर समुद्री संसाधनों के उपयोग और आर्थिक विकास चर्चा की। परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद के निदेशक डॉ. धीरज पांडे ने अति महत्वपूर्ण व रणनीतिक खनिजों के महत्व, भारत की ऊर्जा सुरक्षा, शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्य और सतत विकास में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. अरविंद मोहन ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण की वैश्विक प्रतिस्पर्धा कई अंतरराष्ट्रीय संघर्षों का कारण बन रही है।

नार्थ ईस्ट साइंस और तकनीकी संस्थान जोरहाट के निदेशक डॉ. वीएम तिवारी ने गंगा बेसिन क्षेत्र में भूजल के अत्यधिक दोहन और उससे उत्पन्न भूधंसाव की समस्या पर निष्कर्ष प्रस्तुत किए। उन्होंने उपग्रह आधारित भूभौतिकीय प्रेक्षणों के माध्यम से इस समस्या की गंभीरता को समझाया।

भूविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. ध्रुवसेन सिंह ने कहा कि पृथ्वी ब्रह्मांड का सबसे अनूठा जीवनदायी ग्रह है। इसकी धारिता एवं संतुलन बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### 20 से अधिक वैज्ञानिक संस्थान ले रहे हिस्सा

- सम्मेलन में देशभर के 29 विश्वविद्यालयों व लगभग 20 प्रमुख राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिक, शिक्षाविद, और शोधार्थी भाग ले रहे हैं। पहले दिन 8 विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ और 200 से अधिक शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

### इन्होंने लिया हिस्सा

- मुख्य रूप से बीरबल साहनी पूरा विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. एमजी ठक्कर, अपर महानिदेशक भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण उत्तरी क्षेत्र राजिंदर कुमार, प्रो. देवेश सिन्हा, प्रो. एनजे राजू, प्रो. यूके शुक्ला, प्रो. नेलॉय खरे, प्रो. प्रफुल्ल सिंह, प्रो. संतोष सिंह, प्रो. डीएम मौर्य, प्रो. राजकुमार व प्रो. कुप्पुसामी मोहन, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. रामानन्द यादव, डॉ. श्याम कन्हैया, समेत बड़ी संख्या में शोधार्थियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।



सीएसआईआर–सीमैप में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी व संस्थान के वैज्ञानिक।

# सीएसआईआर–सीमैप में महिला उद्यमी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: सीएसआईआर–केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीएसआईआर–सीमैप) में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के अधिकार और न्याय के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पैनल चर्चा, महिला उद्यमियों के सम्मान और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. मनुका खन्ना, पूर्व कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि पूजा गर्ग, प्रेसिडेंट इलेक्ट फिक्की फ्लो द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. अरविंद सिंह नेगी ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत "विकसित भारत की दिशा में विज्ञान, समाज और शासन को आकार देती महिलाएं: चुनौतियां और आगे की राह" विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। पैनल चर्चा का संचालन डॉ. सुम्या पाठक ने किया। पैनल में डॉ. विद्यु साने, डॉ. नीति कुमार तथा डॉ. पूजा खरे सहित विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर सीमैप की दो लाभार्थी महिला उद्यमियों डॉ. पल्लवी सिंह और विनीता वर्मा को सम्मानित किया गया। डॉ. संजय कुमार यादव ने सीएसआईआर अरोमा मिशन पर बल दिया व निदेशक डॉ. ज़बीर अहमद ने कहा कि विज्ञान, नवाचार और उद्यमिता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता है।



छात्राओं के स्टॉल का निरीक्षण करती प्रो. मंजुला उपाध्याय। अमृत विचार

# छात्राओं ने लोकगीतों पर प्रस्तुत किया रंगारंग कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: नवयुग कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों द्वारा आयोजित विशेष शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति विषय पर सुंदर एवं प्रेरणाप्रद पोस्टर भी बनाए गए। मुख्य अतिथि प्रो. मनोज पाण्डेय (लुआक्टा अध्यक्ष) और प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय, महाविद्यालय की शिक्षिकाएं उपस्थिति रहीं। छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनमें लोकगीतों पर सामूहिक नृत्य, लघु नाटक, गणेश वंदना पर नृत्य, भाषण, राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत पर सुंदर नृत्य इत्यादि प्रस्तुतियां दी गईं।

अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या मंजुला उपाध्याय ने की। उन्होंने कार्यक्रम अधिकारी मनीषा बड़ौनियां ने सप्त दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. श्वेता उपाध्याय, डॉ. मनीषा बड़ौनियां, डॉ. चंदन मौर्या एवं कुमारी दीक्षा ने भी स्वयंसेविकाओं के सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

# ऑडियो बुक से सुधा-चंदर की प्रेम कहानी सुन रहे छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में हैं 3500 से अधिक ऑडियो पुस्तकें

अमृत विचार: डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में स्थापित टॉकिंग बुक स्टूडियो विद्यार्थियों के लिए ज्ञान और साहित्य को सुनने का प्रभावी माध्यम बन गया है। अब यहां किताबें केवल पढ़ी ही नहीं, बल्कि ऑडियो बुक के रूप में सुनी भी जा रही हैं। यहां पर मौजूद उपकरण किसी भी पुस्तक को ऑडियो में बदल देती है जिसे सुनकर छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। विश्वविद्यालय के टॉकिंग बुक स्टूडियो में 3500 से अधिक ऑडियो पुस्तकें उपलब्ध हैं।

स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में संचालित इस स्टूडियो के माध्यम से विद्यार्थी धर्मवीर भारती के प्रसिद्ध उपन्यास 'गुनाहों का देवता' के पात्र सुधा और चंदर की त्याग, प्रेम और पीड़ा से भरी कहानी के साथ ही मुंशी प्रेमचन्द के उपन्यास गोदान, निर्मला, रंगभूमि और सेवा सदन को भी ऑडियो बुक के जरिए सुन रहे हैं। पुस्तकालय के प्रभारी प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि विशेष रूप से दिव्यांग और दृष्टिबाधित विद्यार्थी आसानी से ऑडियो बुक का अध्ययन कर रहे हैं। यहां पर पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकों के साथ-साथ नाटक, कहानियां और उपन्यास भी ऑडियो बुक के रूप में उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

यदि किसी विद्यार्थी को कोई विशेष पुस्तक ऑडियो रूप में चाहिए, तो वह पुस्तक उपलब्ध कराने पर उसे विशेष सॉफ्टवेयर की मदद से ऑडियो बुक में परिवर्तित कर दिया जाता है।

> टॉकिंग बुक स्टूडियो शिक्षा को समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। विशेष रूप से दृष्टिबाधित और दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए यह सुविधा ज्ञान तक उनकी आसान पहुंच सुनिश्चित करती है। हमारा प्रयास है कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से हर विद्यार्थी को समान अवसर मिले और वे बिना किसी बाधा के शिक्षा प्राप्त कर सकें।
>
> –आचार्य डॉ. संजय सिंह, कुलपति, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय

## सिटी डायरी



सीएमएस के नए भवन के उद्घाटन अवसर पर रक्षामंत्री व विद्यालय की डॉ. भारतीय गांधी, डॉ. गीता गांधी किंगडन।

### डॉ. जगदीश गांधी मार्ग से जाना जाएगा स्टेशन रोड

अमृत विचार, लखनऊ : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गोल्फ सिटी स्थित सीएमएस के नए परिसर के उद्घाटन के साथ ही संस्थान के संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी के नाम पर लखनऊ के स्टेशन रोड का नामकरण किया है। रक्षामंत्री ने सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोल्फसिटी कैम्पस के नवनिर्मित मुख्य भवन, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं स्विमिंग पूल का उद्घाटन किया। साथ ही रक्षामंत्री ने संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी के सम्मान में शहर की एक प्रमुख सड़क 'स्टेशन रोड' का नामकरण ऑनलाइन माध्यम से 'डा. जगदीश गांधी मार्ग' के रूप में किया। समारोह के दौरान रक्षा मंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से स्मारक शिलापट्ट का अनावरण किया और 'हुसैनगंज चौराहा' से 'मवैया चौराहा' तक जाने वाली 'स्टेशन रोड' का नाम आधिकारिक रूप से 'डा. जगदीश गांधी मार्ग' किए जाने की घोषणा की।



लंदन से आया प्रतिनिधि मंडल।

### लंदन से आए न्यायिक सदस्यों व बैरिस्टरों ने फॉरेंसिक साइंस का किया भ्रमण

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस में लंदन से आए न्यायिक सदस्यों एवं पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने संस्थान का भ्रमण किया। प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ बैरिस्टर बलदीप सिंह, पीटर क्लार्क, डेविड जोस्से केसी, देवेंद्र धालीवाल, डॉ. सतविंदर एस जूसे, तलवीर सिंह केसी, हरजोत सिंह, ईरविंदर बक्शी, इकबाल दीप सिंह, शरणदीप सहोता, रूठ में बारबर, महिला प्रकरण के बैरिस्टर गेराल्डिन मोर, दानकवा एमपाडु, सखे, ग्रेगरी वेज, संजय तुरा, रुपिंदर कौर मथारू, अरुणा वर्मा, जस्टिन वांग, मनदीप सिंह खटकड़, लवजोत सिंह, लखबीर सिंह, अनहद सिंह, गुरु मनजोत सिंह तिवाना, ज्योति कौर, अमनदीप सिंह सिद्धू, जयवीन सिंह मल्ही शामिल थे।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि नीरज सिंह।

### स्पोर्ट्स हॉस्टल का जीत से आगाज

अमृत विचार, लखनऊ : खिताब की रक्षा के इरादे से उतरी मेजबान स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने सब जूनियर पुरुष प्रदेश स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम के पद्मश्री मो. शाहिद टफ हॉकी स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने आगरा मंडल को 3–1 से पराजित किया। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश हॉकी के समन्वय से आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि नीरज सिंह (अध्यक्ष, फिक्की वाईएलएफ यूपी) ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।



पुरस्कारों के साथ पदक जीतने वाले खिलाड़ी व आयोजक।

### शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पर किया कब्जा

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज स्थित इंडियन पैरा जूडो एकेडमी में शुक्रवार को आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता में शहर भर के जूडोकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। जूनियर बालक वर्ग में हार्दिक, आर्यन और हरिओम ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं जूनियर बालिका वर्ग में वंशिका, सोनाली और रचना ने स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी श्रेष्ठता साबित की।

**आयोजन** — एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

# राम वनवास है ज्ञान सृजन का महत्वपूर्ण कालखंड : प्रो. अरविन्द मोहन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: भगवान राम के वनवास काल ज्ञान सृजन का महत्वपूर्ण कालखंड है। सिंधु घाटी सभ्यता के उन्नत जल प्रबंधन तंत्र को दुनिया आज भी आश्चर्य से देखती है। लखनऊ विश्वविद्यालय कार्यवाहक कुलपति प्रो. अरविन्द मोहन ने एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में कहा। भारतीय ज्ञान परंपरा में साहित्य, विज्ञान, संस्कृति एवं संस्कार विषय पर आयोजित संगोष्ठी की विषय प्रस्तावना प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव ने प्रस्तुत की।



प्रो. निधि सिद्धार्थ, प्रो. मोनिका श्रीवास्तव, प्रो. माधुरी यादव, प्रो. ऊषा पाठक और प्रो. सीमा मिश्रा की पुस्तकों का विमोचन करते अतिथि।

मुख्य वक्ता आईआईटी कानपुर के प्रो. एके शर्मा ने भारतीय सभ्यता के विकास में भारतीय ज्ञान परंपरा की भूमिका स्पष्ट करते हुए पाणिनी, सुश्रुत, आर्यभट्ट, जगदीश चंद्र बसु व मेघनाथ साहा जैसे विद्वानों के योगदान पर प्रकाश डाला। प्रबंध समिति के सदस्य प्रो. देवाशीष मुखर्जी ने भारतीय एवं पाश्चात्य ज्ञान परंपराओं का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो. निधि सिद्धार्थ, प्रो. मोनिका श्रीवास्तव, प्रो. माधुरी यादव, प्रो. ऊषा पाठक और प्रो. सीमा मिश्रा की पुस्तकों का विमोचन किया गया। संगोष्ठी में कुल चार तकनीकी सत्र आयोजित हुए जिनमें दो ऑफलाइन और दो ऑनलाइन सत्र शामिल रहे। जिनमें विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के 60 शोधार्थियों और फैकल्टी ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। समापन सत्र के मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त प्रो. दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि एक जीवनदृष्टि है। अंत में डॉ. ऋचा मुक्ता ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मनीषा पांडेय ने किया।